दिनांक 26.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ ग्रीष्म ऋतु में लगातार गिर रहे शहर के भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने तथा नागरिकों के निस्तारी जल की उपलब्ध सुनिश्चित करने निगम क्षेत्र के तालाबों को भरने का कार्य किया जा रहा है।

आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर निगम के सभी जोन क्षेत्रान्तर्गत तालाबों की सफाई कर जलभराव का कार्य किया जा रहा है बता दें कि आयुक्त के निर्देश पर फरवरी माह में शहर के बड़े नहर नाली की सफाई कर तालाबों में जल पहूंचाने हेतु तैयार कर लिया गया था। भीषण गर्मी में भूगर्भ के लगातार गिर रहे जल स्तर को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर डेम से पानी छोड़ने की मांग किये थे।

निगम क्षेत्र के 18 तालाबों की सफाई करवाकर पानी भरने हेतु तैयार किया गया था अब उन तालाबों में जल भरकर पानी को शुद्ध करने के लिए फिटकिरी तथा दवाई , पोटास डाला जा रहा है। तालाबों के भर जाने से क्षेत्र के हैण्ड पम्प तथा पावर पम्पों में पीने योग्य पानी आने लगेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''